Mahendra's Daily Current Affairs: 23.10.2020

1-Army chief General Manoj Mukund Naravane commissioned anti-submarine warfare (ASW) ship INS Kavaratti into the Indian Navy at the Naval Dockyard in Visakhapatnam.

सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने विशाखापत्तनम में नौसेना डॉकयार्ड में पनडुब्बी रोधी टोही युद्धपोत (एएसडब्ल्यू) आईएनएस कवारत्ती को भारतीय नौसेना में शामिल किया।

2-Union Minister for MSME, Nitin Gadkari launched India's first-ever high quality Khadi Fabric Footwear, designed by Khadi and Village Industries Commission (KVIC) through Video Conference.

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा डिज़ाइन किये गये और खादी के कपड़े से बने भारत के पहले उच्च गुणवत्ता वाले फुटवियर का शुभारंभ किया।

3-The sixth edition of the India International Science Festival (IISF), 2020, will be held virtually from December 22-25, Science and Technology Minister Harsh Vardhan has said.

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने कहा है कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) **2020** का आयोजन डिजिटल तरीके से **22** से **25** दिसंबर तक होगा। यह छठवां महोत्सव है।

4-Union Minister of State for Jal Shakti and Social Justice & Empowerment Rattan Lal Kataria, launched a Mobile application for Geo tagging of the components of projects under Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana- Accelerated Irrigation Benefits Programme(PMKSY-AIBP) of the Department of WR, RD& GR under Ministry of Jal Shakti.

केंद्रीय जल शक्ति एवं सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया ने जल शक्ति मंत्रालय के तहत डब्ल्यूआर, आरएंडडी एवं जीआर विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के तहत परियोजनाओं के घटकों की जियो टैगिंग के लिए एक मोबाइल ऐप्लीकेशन लांच किया।

5-The Union Cabinet approved adaptation of the Jammu and Kashmir Panchayati Raj Act, 1989.

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पंचायती राज अधिनियम- **1989** को जम्मू कश्मीर में लागू करने की मंजूरी दे दी।

6-A 60 kilometre-long stretch of Greenfield highway will be constructed in Rajasthan under the Bharatmala Pariyojana to ensure high speed traffic movement between Delhi and Mumbai.

दिल्ली और मुंबई के बीच की दूरी जल्दी तय करने के लिए भारतमाला परियोजना के तहत 'ग्रीनफील्ड' राजमार्ग के **60** किलोमीटर लंबे हिस्से का निर्माण राजस्थान में किया जाएगा।

7-India-assisted Mangdechhu hydroelectric project in Bhutan has been awarded the prestigious Brunel Medal for excellence in civil engineering by the UK-based Institute of Civil Engineers.

भूटान में भारत की सहायता से निर्मित मंगदेछु जलविद्युत परियोजना को सिविल इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित ब्रुनेल मेडल से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट आफ सिविल इंजीनियर्स ने प्रदान किया है।

8-Gujarat Chief Minister Vijay Rupani performed a virtual ground breaking ceremony for a techpark coming up in Mehsana district with an investment of Rs 1,000 crore.

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने मेहसाणा जिले में एक प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना के लिये शिलान्यास किया। इस पर **1,000** करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

9-The Reserve Bank announced an 'on tap' Targeted Long-Term Repo Operations (TLTRO) scheme of up to Rs 1 lakh crore to enable banks to provide liquidity support to a host of sectors.

रिजर्व बैंक ने बैंकों को सस्ती दर पर **1** लाख करोड़ रुपये तक की दीर्घ कालिक नकदी उपलब्ध कराने के लिए लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) योजना की बुधवार को घोषणा की।

10-The third phase of the National Supercomputing Mission (NSM) will kickstart in January, taking computing speed to around 45 petaflops, the Department of Science and Technology said.

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तीसरे चरण की शुरुआत जनवरी में होगी जो 'कंप्यूटिंग' गति को लगभग **45** पेटाफ्लॉप्स तक ले जाएगा।